**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

**राज्यपाल ने 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' प्रदान किये**
**जो व्यक्ति निरन्तर आगे बढ़ता रहता है उसको सफलता मिलती है - श्री नाईक**

लखनऊ: 12 अगस्त, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज होटल ताज में मां फाउण्डेशन के तत्वावधान में आयोजित 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान-2017' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से जुड़ी 23 हस्तियों को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा, मां फाउण्डेशन के अध्यक्ष पद्मश्री डाॅ0 सुनील जोगी, बैसवारा विकास समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश है जहाॅं हर क्षेत्र में प्रतिभा पाई जाती है । प्रदेश ने देश को अब तक 9 प्रधान मंत्री दिये हैं । अपने प्रदेश में सम्मान पाना निश्चित रूप से सन्तोष का विषय है । 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' से अन्य लोगों को भी आगे बढ़ने की पे्ररणा मिलेगी । उत्तर प्रदेश के लोगों का मुम्बई से करीब का रिश्ता है, वे उत्तर प्रदेश में जन्म लेते हैं और मुम्बई जाकर नाम कमाते हैं । उन्होंने कहा कि दो प्रदेशों के परस्पर सहयोग से जहां व्यक्तित्व का विकास होता है वहीं देश का नाम भी आगे बढ़ता है । राज्यपाल ने चरैवेति! चरैवेति!! श्लोक को उद्धृत करते हुए कहा कि जो व्यक्ति निरन्तर आगे बढ़ता रहता है उसको सफलता मिलती है ।

उप मुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहुत सम्भावनाएं हैं । कला के क्षेत्र से जुड़े हुए लोग मुम्बई में बड़ी संख्या में हैं । उन्होंने कहा कि कला को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कृत संकल्प है ।

राज्यपाल ने इस अवसर पर श्री अनूप जलोटा को गायन के क्षेत्र में, श्री श्रेय शुक्ल को पत्रकारिता, डाॅ0 हरिओम को विशिष्ट सेवाओं, डाॅ0 सूर्यपाल गंगवार को विशिष्ट सेवाओं के श्री तिग्मांशु धूलिया को फिल्म निर्देशन के लिए, श्री मनोज मुंतशिर को गीत के लिए, श्री सौरभ शुक्ला को अभिनय, श्री सुरेश रैना को खेल, श्री राजेश्वर प्रसाद को विशिष्ट सेवायें, श्री अनुभव सिन्हा को फिल्म निर्देशन, सुश्री अनाईका सोती को अभिनय, रवीन्द्र गौतम पटकथा लेखन, श्री नरायन सिंह को फिल्म सम्पादन, श्री संजय मिश्रा को अभिनय, सुश्री मीनाक्षी दीक्षित को अभिनय, डाॅ0 ओ0पी0 सिंह को साहित्य, श्री संजय शर्मा को लोक कला, श्री गौरव प्रकाश को समाज सेवा, स्व0 लाल राजेन्द्र बहादुर सिंह (मरणोपरान्त) को शिक्षा, श्रीमती राज स्मृति को लेखन तथा श्री बलवीर सिंह को समाज सेवा के लिए सम्मानित किया ।

कार्यक्रम में डाॅ0 सुनील जोगी ने मां संस्था का परिचय देते हुए स्वागत उद्बोधन दिया तथा बाद में धन्यवाद भी ज्ञापित किया ।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (297/13)




MAA FOUNDATION
(NEW DELHI)
2017


UTTAR PRADESH
2017